1

# नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–06, नौएडा

पत्र संख्या: नौएडा/मु0वा0नि0/2022/753
दिनांक: 20/4/22

## नोटिस

M/s Nexgen Infracon Pvt. Ltd.
B-66, 1st Floor, Vivek Vihar,
Delhi-110095

विषयः– आई.जी.आर.एस. शिकायत संख्या–40014122006243, (महागुन मेजारिया) ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या–जीएच–01/ए, सैक्टर–78, नौएडा के संबंध में।

उक्त संदर्भित योजना के फ्लैट बॉयर शिकायत संख्या–40014122006243 के माध्यम से शिकायत की गयी है कि आपके द्वारा भूखण्ड संख्या–जीएच–01/ए, सैक्टर–78 (महागुन मेजारिया) के टावर संख्या–टी2 व टी3 का अधिभोग प्रमाण पत्र प्राप्त किये बिना फ्लैटों का कब्जा दिया जा रहा है, जो कि नौएडा भवन विनियमावली एवं परियोजना के पट्टा प्रलेख की नियम व शर्तो के विरूद्ध है। इस स्थिति में यदि परियोजना में कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसका उत्तरदायित्व पूर्णतः आपका होगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संदर्भित परियोजना के प्रश्नगत टावर्स के अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु समस्त आवश्यक प्रपत्र प्राधिकरण में जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किये जाने संबंधी कार्यवाही की जा सके।

संलग्नकः– आई.जी.आर.एस. की प्रति।

प्रबन्धक (नियोजन)
नौएडा